# स्वतः मूल्यांकन प्रश्न-पत्र-1

## हिन्दी 'ब' (085)

## कक्षा-X, सत्र 2022-23

**समय : 3 घंटे** **पूर्णांक : 80**

**सामान्य निर्देश :**

- *इस प्रश्न-पत्र में दो खण्ड हैं– खंड 'अ' और 'ब'।*
- *खंड 'अ' में उपप्रश्नों सहित 45 वस्तुपरक प्रश्न पूछे गए हैं, दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए कुल 40 प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*
- *खंड 'ब' में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए हैं, आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं।*
- *निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।*
- *दोनों खंडों के कुल 18 प्रश्न हैं। दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।*
- *यथासंभव दोनों खंडों के प्रश्नों के उत्तर क्रमशः लिखिए।*

## खण्ड 'अ' वस्तुपरक-प्रश्न

**1. निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–** **(1 × 5 = 5)**

देश की आज़ादी के लगभग उनहत्तर वर्ष हो चुके हैं और आज ज़रूरत है अपने भीतर के तर्कप्रिय भारतीयों को ज़गाने की, पहले नागरिक और फिर उपभोक्ता बनने की। हमारा लोकतंत्र इसलिए बचा है कि हम सवाल उठाते रहे हैं। लेकिन वह बेहतर इसलिए नहीं बन पाया क्योंकि एक नागरिक के रूप में हम अपनी ज़िम्मेदारियों से भागते रहे हैं। किसी भी लोकतांत्रिक प्रणाली की सफ़लता जनता की जागरूकता पर ही निर्भर करती है।

एक बहुत बड़े संविधान विशेषज्ञ के अनुसार किसी मंत्री का सबसे प्राथमिक, सबसे पहला जो गुण होना चाहिए वह यह कि वह ईमानदार हो और उसे भ्रष्ट नहीं बनाया जा सके। इतना ही ज़रूरी नहीं, बल्कि लोग देखें और समझें भी कि यह आदमी ईमानदार है। उन्हें उसकी ईमानदारी में विश्वास भी होना चाहिए, इसलिए कुल मिलाकर हमारे लोकतंत्र की समस्या मूलतः नैतिक समस्या है। संविधान, शासन प्रणाली, दल, निर्वाचन ये सब लोकतंत्र के अनिवार्य अंग हैं। पर जब तक लोगों में नैतिकता की भावना न रहेगी, लोगों का आचार-विचार ठीक न रहेगा तब तक अच्छे से अच्छे संविधान और उत्तम राजनीतिक प्रणाली के बावजूद लोकतंत्र ठीक से काम नहीं कर सकता। स्पष्ट है कि लोकतंत्र की भावना को जगाने व संवर्द्धित करने के लिए आधार प्रस्तुत करने की ज़िम्मेदारी राजनीतिक नहीं बल्कि सामाजिक है। आज़ादी और लोकतंत्र के साथ जुड़े सपनों को साकार करना है, तो सबसे पहले जनता को स्वयं जागृत होना होगा। जब तक स्वयं जनता में नेतृत्व पैदा नहीं होता, तब तक कोई भी लोकतंत्र सफ़लतापूर्वक नहीं चल सकता। सारी दुनिया में एक भी देश का उदाहरण ऐसा नहीं मिलेगा जिसका उत्थान केवल राज्य की शक्ति द्वारा हुआ हो। कोई भी राज्य बिना लोगों की शक्ति के आगे नहीं बढ़ सकता।

**(1)** लगभग उनहत्तर वर्ष की आज़ादी के बाद नागरिकों से लेखक की अपेक्षाएँ क्या हैं ?

**(क)** समझदार हों। **(ख)** प्रश्न करने वाले हों।

**(ग)** जगी हुई युवा पीढ़ी के हों। **(घ)** मज़बूत सरकार चाहने वाले हों।

**(2)** हमारे लोकतांत्रिक देश में अभाव है–

**(क)** सौहार्द्र का। **(ख)** सद्भावना का।

**(ग)** ज़िम्मेदार नागरिकों का। **(घ)** एकमत पार्टी का।

**(3)** किसी मंत्री की विशेषता होनी चाहिए–

**(क)** देश की बागडोर सँभालने वाला। **(ख)** मिलनसार और समझदार।

**(ग)** सुशिक्षित और धनवान। **(घ)** ईमानदार और विश्वसनीय।

(4) किसी भी लोकतंत्र की सफ़लता निर्भर करती है–

(क) लोगों में स्वयं ही नेतृत्व भावना हो।
(ख) सत्ता पर पूरा विश्वास हो।
(ग) देश और देशवासियों से प्यार हो।
(घ) समाज-सुधारकों पर भरोसा हो।

(5) **निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई** एक सही **विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन (A) :** कोई भी राज्य बिना लोगों की शक्ति के आगे नहीं बढ़ सकता।

**कारण (R) :** क्योंकि एक नागरिक के रूप में अपनी ज़िम्मेदारियों से भागते रहे हैं।

(क) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।
(ख) कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करता है।
(घ) कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

2. **निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प चुनकर लिखिए–**

**(1 × 5 = 5)**

सवेरे हम अपनी मंज़िल काठमांडू की ओर बढ़े। पहाड़ी खेतों में मक्के और अरहर की फ़सलें लहरा रही थीं। छोटे-छोटे गाँव और परकोटे वाले घर बहुत सुंदर लग रहे थे। शाम होते-होते हम काठमांडू पहुँच गए। आज काठमांडू पर लिखते हुए अँगुलियाँ काँप रही हैं। वैसे ही जैसे पच्चीस अप्रैल को काठमांडू की धरती काँप उठी थी। न्यूज़ चैनल जब धरहरा स्तंभ को भरभराकर गिरते दिखा रहे थे, मेरा मन बैठा जा रहा था, क्या हुआ होगा धरहरा के इर्दगिर्द फेरी लगाकर सामान बेचने वालों का? और उस बाँसुरी वादक का जिसके सुरों ने मन मोह लिया था। और वे पर्यटक जो धरहरा के सौंदर्य में बिंधे उसका सौंदर्य निहारते। सब कुछ जानते हुए भी मन यही कह रहा है कि सब ठीक हो। रात को हम बाज़ार गए। बाज़ार इलेक्ट्रॉनिक सामानों से अटा पड़ा था और दुकानों की मालकिनें मुस्तैदी से सामान बेच रही थीं। हमारे हिमालयी क्षेत्रों की तरह यहाँ भी अर्थव्यवस्था का आधार औरतें हैं। क्योंकि, पहाड़ों पर पर्याप्त ज़मीन नहीं होती और रोज़गार के साधन भी बहुत नहीं होते. सो घर के पुरुष नीचे मैदानी इलाक़ों में कमाने जाते हैं और घर-परिवार की सारी ज़िम्मेदारी महिलाएँ उठाती हैं। यहाँ गाँव की महिलाएँ खेती और शहर की महिलाएँ व्यवसाय सँभालती हैं। मैंने देखा वे बड़ी कुशलता से व्यावसायिक दाँव-पेंच अपना रही थीं।

हम पोखरा होते हुए लौट रहे थे। रास्ते भर हिमाच्छादित चोटियाँ आँखमिचौली खेलती रहीं। राह में अनेक छोटे-बड़े नगर-गाँव और कस्बे आते रहे। नेपाली औरतें घरों में काम करती नज़र आ रही थीं। मक्का कटकर घर आ चुकी थी। उसके गुच्छे घर के बाहर खूँटियों के सहारे लटके नज़र आ रहे थे। अब हम काली नदी के साथ-साथ चल रहे थे।

(1) **काठमांडू पर लिखने के लिए लेखक की अँगुलियाँ क्यों काँप रही थीं?**

(क) नेपाल में आया भूकंप याद हो आया।
(ख) आतंकवादी हमले की आशंका थी।
(ग) लेखक के हाथ में चोट थी।
(घ) धरहरा स्तंभ अब कभी नहीं देख पाएगा।

(2) **लेखक दु:खी और हताश क्यों था?**

(क) धरहरा स्तंभ भूकंप में तहस-नहस हो गया था।
(ख) न्यूज़ चैनल जब धरहरा स्तंभ दिखा रहे थे।
(ग) लग रहा था जीवन क्षणभंगुर है।
(घ) प्राकृतिक आपदा कहीं भी आ सकती है।

(3) **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए–**

(i) धरहरा स्तंभ भूकंप में सुरक्षित बच गया था।
(ii) पच्चीस अप्रैल को काठमांडू की धरती भूकंप से काँप उठी थी।
(iii) नेपाल में घर की ज़िम्मेदारी पुरुष सँभालते हैं।

**उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?**

(क) केवल (i)
(ख) केवल (ii)
(ग) (i) और (iii)
(घ) (ii) और (iii)

(4) **नेपाल में अर्थव्यवस्था का आधार औरतें क्यों हैं?**

(क) पुरुष रोज़गार के लिए बाहर जाकर काम करते हैं।
(ख) महिलाएँ ज़्यादा ज़िम्मेदार होती हैं।
(ग) महिलाएँ पुरुषों पर कम विश्वास करती हैं।
(घ) महिलाएँ मोल-भाव अच्छी तरह करती हैं।

(5) **गद्यांश के लिए उपयुक्त शीर्षक होगा–**

(क) काठमांडू की यात्रा।
(ख) पर्यटन और नेपाल।
(ग) बाज़ार सँभालती नेपाली औरतें।
(घ) भूकंप के बाद का शहर।

3. **निर्देशानुसार 'पदबंध ' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** (1×4=4)

(1) **सपना की बड़ी बहन गरिमा दिल्ली जा रही है। रेखांकित पदबंध है—**

(क) क्रिया पदबंध (ख) संज्ञा पदबंध

(ग) विशेषण पदबंध (घ) सर्वनाम पदबंध

(2) **महँगी खरीदी हुई कार चोरी हो गई। वाक्य में विशेषण पदबंध है—**

(क) महँगी खरीदी हुई कार (ख) कार चोरी हो गई

(ग) महँगी खरीदी हुई (घ) इनमें से कोई नहीं

(3) **माँ ने दरवाज़ा बंद कर दिया। वाक्य में क्रिया पदबंध है—**

(क) बंद कर दिया (ख) दरवाज़ा बंद कर दिया

(ग) माँ ने दरवाजा (घ) दरवाज़ा बंद करो

(4) **राम तेज़ी से दौड़ते हुए घर पहुँची। रेखांकित पदबंध है—**

(क) क्रिया पदबंध (ख) क्रिया-विशेषण पदबंध

(ग) सर्वनाम पदबंध (घ) संज्ञा पदबंध

(5) **स्कूल के मैदान में खेलने वाले बच्चों में से कुछ मेरे मित्र हैं। रेखांकित पदबंध है—**

(क) सर्वनाम पदबंध (ख) क्रिया पदबंध

(ग) संज्ञा पदबंध (घ) विशेषण पदबंध

4. **निर्देशानुसार 'रचना के आधार पर वाक्य भेद' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** (1×4=4)

(1) **बड़े भाई साहब को कई बार मुझे डाँटने का अवसर मिला परंतु वे चुप रहे।' वाक्य-रचना की दृष्टि से है—**

(क) मिश्र वाक्य (ख) विधानवाचक वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) सरल वाक्य

(2) **"कई सालों से बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेलकर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे" का मिश्र वाक्य बनेगा—**

(क) कई सालों से जैसे-जैसे बड़े-बड़े बिल्डर समंदर को पीछे धकेल रहे थे वैसे-वैसे उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।

(ख) बड़े-बड़े बिल्डर कई सालों से समंदर को पीछे धकेल रहे थे और उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।

(ग) कई सालों से, समुद्र को पीछे धकेलकर बड़े-बड़े बिल्डर उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।

(घ) समंदर को पीछे धकेलकर, कई सालों से, बड़े-बड़े बिल्डर, उसकी ज़मीन को हथिया रहे थे।

(3) **"वह खाना खाकर स्कूल जाता है।" वाक्य रचना की दृष्टि से है—**

(क) मिश्र वाक्य (ख) सरल वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) साधारण वाक्य

(4) **निम्नलिखित में से सरल वाक्य है—**

(क) आपने जो कहा, मैंने सुन लिया। (ख) आपने जो कहा, वो मैंने सुन लिया।

(ग) आपका कहा मैंने सुन लिया। (घ) जो भी आप कहते हैं तो मैं सुनता हूँ।

(5) **निम्नलिखित में से मिश्र वाक्य को चुनिए—**

(क) सूर्य निकलते ही उजाला हो गया। (ख) जैसे ही सूर्य निकला वैसे ही उजाला हो गया।

(ग) सूर्य निकला और उजाला हुआ। (घ) सूर्य निकलता है और उजाला हो जाता है।

5. **निर्देशानुसार 'समास' पर आधारित पाँच बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए—** (1×4=4)

(1) **'कुल-परम्परा' समस्त पद में समास है—**

(क) अव्ययी भाव (ख) द्विगु

(ग) तत्पुरुष (घ) कर्मधारय

(2) **'यथाशक्ति' समस्त पद में समास है—**

(क) अव्ययी भाव (ख) बहुव्रीहि

(ग) द्विगु (घ) द्वंद्व

**(3) निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए—**

| **समस्तपद** | **समास** |
|---|---|
| (i) रसोई घर | (i) तत्पुरुष समास |
| (ii) तिरंगा | (ii) बहुव्रीहि समास |
| (iii) कानों-कान | (iii) अव्ययीभाव समास |
| (iv) हम-तुम | (iii) द्विगु समास |

**उपर्युक्त युग्मों में से कौन-से सही सुमेलित हैं—**

**(क)** (i) और (iv) **(ख)** (i) और (ii)

**(ग)** (ii) और (iii) **(घ)** (i) और (iii)

**(4) 'तताँरा और वामीरो' समस्त पद में समास है—**

**(क)** द्वंद्व **(ख)** द्विगु

**(ग)** तत्पुरुष **(घ)** कर्मधारय

**(5) 'नीलकमल' समस्त पद में कौन-सा समास है?**

**(क)** बहुव्रीहि **(ख)** कर्मधारय

**(ग)** द्विगु **(घ)** तत्पुरुष

6. **निर्देशानुसार 'मुहावरे' पर आधारित छः बहुविकल्पीय प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए— (1×4=4)**

**(1) एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में गेंद को सीमा रेखा से बाहर पहुँचाना विराट कोहली के लिए ................ है।**

**(क)** बाएँ हाथ का खेल **(ख)** आँखों में धूल झोंकना

**(ग)** खून-पसीना एक करना **(घ)** इनमें से कोई नहीं।

**(2) परीक्षा के समय रमेश को आवारागर्दी करते देखकर उसके पिताजी ने उसे ................।**

**(क)** अंगूठा दिखाना **(ख)** आड़े हाथों लेना

**(ग)** टका-सा जवाब देना **(घ)** इनमें से कोई नहीं।

**(3) मुझे बीस मिनट में गणित के चालीस सवाल हल करने में ................जाता है।**

**(क)** दाँतों पसीना आना **(ख)** एड़ी चोटी का ज़ोर लगाना

**(ग)** दाल न गलना **(घ)** तिल का ताड़ बनाना।

**(4) सीता ने ................प्रतियोगिता परीक्षा पास की।**

**(क)** टका-सा जवाब देकर **(ख)** आकाश-पाताल एक कर

**(ग)** अपने पैरों पर खड़ा होकर **(घ)** आग-बबूला होकर।

**(5) चोर ने.........................घर में घुसकर सभी गहने चुरा लिए।**

**(क)** दबे पाँव आना **(ख)** बगलें झांकना

**(ग)** आगे-पीछे फिरना **(घ)** आँखों में धूल झोंककर।

**(6) आज तो मैंने तुम्हारी .................. अगर कल भी तुमने काम से जी चुराया तो खैर नहीं।**

**(क)** हवा निकालना **(ख)** ईंट बजाना

**(ग)** जान बख्श देना **(घ)** बाल की खाल निकालना।

7. **निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए— (1×5=5)**

स्याम म्हाने चाकर राखो जी,
गिरधारी लाल म्हाँने चाकर राखोजी।
चाकर रहस्यूँ बाग लगास्यूँ नित उठ दरसण पास्यूँ।
बिन्दरावन री कुंज गली में, गोविन्द लीला गास्यूँ।
चाकरी में दरसण पास्यूँ, सुमरण पास्यूँ खरची।
भाव भगती जागीरी पास्यूँ, तीनूं बाताँ सरसी।
मोर मुगट पीताम्बर सौहे, गल वैजन्ती माला।
बिन्दरावन में धेनु चरावे, मोहन मुरली वाला।
ऊँचा ऊँचा महल बणावं बिच बिच राखूँ बारी।
साँवरिया रा दरसण पास्यूँ, पहर कुसुम्बी साड़ी।

आधी रात प्रभु दरसण, दीज्यो जमनाजी रे तीरां।

मीराँ रा प्रभु गिरधर नागर, हिवड़ो घणो अधीराँ॥

(1) **मीरा किसकी चाकरी करना चाहती हैं?**

(क) श्याम की (ख) गिरधर की

(ग) श्रीकृष्ण की (घ) ये सभी।

(2) **मीरा श्रीकृष्ण का साथ पाने के लिए क्या-क्या करने को तैयार हैं?**

(क) बाग-बगीचे लगाने को (ख) चाकर बनने को

(ग) ऊँचे-ऊँचे महल बनवाने को (घ) ये सभी।

(3) **मीरा श्रीकृष्ण के दर्शन किस रंग की साड़ी पहनकर करना चाहती हैं?**

(क) कुसुम्बी रंग की (ख) हरे रंग की

(ग) लाल रंग की (घ) पीले रंग की।

(4) **मीरा श्रीकृष्ण से आधी रात को कहाँ मिलने जाना चाहती हैं?**

(क) गंगा के तीर (ख) वृंदावन में

(ग) यमुना के तट पर (घ) नदी के किनारे।

(5) **निम्नलिखित वाक्यों को ध्यानपूर्वक पढ़िए—**

(i) मीरा श्रीकृष्ण की चाकरी करना चाहती हैं।

(ii) मीरा श्रीकृष्ण के भव्य भवनों में फुलवारी लगाना चाहती हैं।

(iii) मीरा श्रीकृष्ण के दर्शन पीले रंग की साड़ी पहनकर करना चाहती हैं।

(iv) वह सुबह-सुबह उनसे मिलने जाना चाहती हैं।

(v) मीरा श्रीकृष्ण के दर्शन और स्मरण में अपना जीवन व्यतीत करना चाहती हैं।

**पद्यांश से मेल खाते वाक्यों के लिए उचित विकल्प चुनिए—**

(क) (i), (ii), (v) (ख) (i), (iii), (v)

(ग) (ii), (iii), (iv) (घ) (iii), (iv), (v)

**8. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए—** (1×2=2)

(1) **तोप अपने बारे में क्या बता रही है?**

(क) वह बहुत ही बड़ी है (ख) वह अब कुछ नहीं कर सकती

(ग) वह अपने वक़्त में बहुत शक्तिशाली थी (घ) वह बहुत ही छोटी-सी है पर कार्य बड़े हैं।

(2) **रवीन्द्रनाथ ठाकुर की कविताओं में किस भाव की अभिव्यक्ति हुई?**

(क) राष्ट्रप्रेम (ख) मानव प्रेम

(ग) अध्यात्म प्रेम (घ) उपर्युक्त सभी।

**9. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर के लिए सही विकल्प का चयन कीजिए—** (1×5=5)

अभिनय के दृष्टिकोण से 'तीसरी कसम' राजकपूर की ज़िन्दगी की सबसे हसीन फ़िल्म है। राजकपूर जिन्हें समीक्षक और कला-म... आँखों से बात करने वाला कलाकार मानते हैं, 'तीसरी कसम' में मासूमियत के चर्मोत्कर्ष को छूते हैं। अभिनेता राजकपूर जि... ताक़त के साथ 'तीसरी कसम' में मौजूद हैं, उतना 'जागते रहो' में भी नहीं। 'जागते रहो' में राजकपूर को बहुत सराहा गया ... लेकिन 'तीसरी कसम' वह फ़िल्म है जिसमें राजकपूर अभिनय नहीं करता। वह हीरामन के साथ एकाकार हो गया है। खालि... देहाती भुच्च गाड़ीवान जो सिर्फ़ दिल की ज़ुबान समझता है, दिमाग़ की नहीं। जिसके लिए मोहब्बत के सिवा किसी दूसरी ... का कोई अर्थ नहीं। बहुत बड़ी बात यह है कि 'तीसरी कसम' राजकपूर के अभिनय-जीवन का वह मुकाम है, जब वह एशिया के सब... बड़े शोमैन के रूप में स्थापित हो चुके थे। उनका अपना व्यक्तित्व एक किंवदंती बन चुका था। लेकिन 'तीसरी कसम' में वह महिमाम... व्यक्तित्व पूरी तरह हीरामन की आत्मा में उतर गया है। वह कहीं हीरामन का अभिनय नहीं करता, अपितु खुद हीरामन में ढल गया है।

(1) **फ़िल्म समीक्षक और कला मर्मज्ञ राजकपूर को क्या मानते हैं?**

(क) आँखों से बात करने वाला कलाकार (ख) आँखों से इशारे करने वाला कलाकार

(ग) आँखों से क्रोध प्रदर्शित करने वाला कलाकार (घ) आँखों को मिचमिचाने वाला कलाकार।

(2) **'तीसरी कसम' वह फ़िल्म है जिसमें राजकपूर अभिनय नहीं करता बल्कि....**

(क) वह नृत्य भी करता है (ख) वह 'हीरामन' के साथ एकाकार हो गया है

(ग) वह गीत गाता है (घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

(3) **निम्नलिखित कथन (A) तथा कारण (R) को ध्यानपूर्वक पढ़िए। उसके बाद दिए गए विकल्पों में से कोई एक सही विकल्प चुनकर लिखिए।**

**कथन (A)** : राजकपूर 'तीसरी कसम' में मासूमियत के चरमोत्कर्ष को छूते हैं।

**कारण (R)** : वह भोले - भाले हीरामन का अभिनय नहीं करते, अपितु खुद हीरामन में ढल गए हैं।

**(क)** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों गलत है।

**(ख)** कथन (A) गलत है लेकिन कारण (R) सही है।

**(ग)** कथन (A) सही है लेकिन कारण (R) उसकी गलत व्याख्या करतास है।

**(घ)** कथन (A) तथा कारण (R) दोनों सही हैं तथा कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(4) **राजकपूर का व्यक्तित्व क्या बन चुका था?**

**(क)** एक कहानी **(ख)** एक कथा

**(ग)** एक किंवदंती **(घ)** एक लोकोक्ति।

(5) **'तीसरी कसम' में राजकपूर ने अभिनय किया है—**

**(क)** कम्पनी मालिक का **(ख)** क्रिकेट खिलाड़ी का

**(ग)** गाड़ीवान का **(घ)** भिखारी का।

**10. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए उचित विकल्प का चयन कीजिए –** **(1×2=2)**

(1) **निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन से कथन 'बड़े भाई साहब' के व्यक्तित्व की विशेषताओं को दर्शाता है/दर्शाते हैं—**

(i) बड़े भाई साहब स्वभाव से अध्ययनशील थे। (ii) बड़े भाई साहब उपदेश देने की कला में निपुण थे।

(iii) बड़े भाई साहब हर कक्षा में प्रथम आते थे। (iv) वे अपने छोटे भाई को कभी कुछ नहीं कहते थे।

(v) वे अपने छोटे भाई से दस वर्ष बड़े थे।

**(क)** केवल (i) **(ख)** (i) और (ii)

**(ग)** केवल (iv) **(घ)** (ii), (iii), (iv)

(2) **समुद्र किनारे बैठा हुआ तताँरा विचारमग्न होकर क्या निहार रहा था?**

**(क)** समुद्र के जल पर सूर्य की रंग-बिरंगी किरणों की छाया **(ख)** पक्षियों का चहचहाते हुए उड़ना

**(ग)** समुद्र की उठती-गिरती लहरों को **(घ)** अस्त होते हुए सूर्य को।

## खण्ड 'ब' वर्णनात्मक प्रश्न

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए—** **(3×2=6)**

(1) 'डायरी का एक पन्ना' पाठ के आधार पर भारतीय स्वाधीनता संग्राम की एक झाँकी प्रस्तुत कीजिए।

(2) प्रकृति के साथ मानव के दुर्व्यवहार और उसके परिणामों को 'अब कहाँ दूसरों के दु:ख से दु:खी होने वाले' पाठ के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(3) "बड़े भाई साहब की डाँट-फटकार यदि न मिलती तो छोटा भाई कक्षा में प्रथम नहीं आता।" उक्त कथन के पक्ष अथवा विपक्ष में अपने विचार उपयुक्त तर्क सहित लिखिए।

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए—** **(3×2=6)**

(1) 'मनुष्यता' कविता में कवि किन-किन मानवीय गुणों का वर्णन करता है? आप इन गुणों को क्यों आवश्यक समझते हैं, तर्क सहित उत्तर लिखिए।

(2) कविता की पृष्ठभूमि में 'तोप' की अतीत में भूमिका और उसकी वर्तमान स्थिति का वर्णन कीजिए। कवि को क्यों कहना पड़ा—

''कितनी ही बड़ी हो तोप

एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।''

(3) 'आत्मत्राण' कविता में कवि की प्रार्थना से क्या संदेश मिलता है? अपने शब्दों में लिखिए।

**13. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में दीजिए—** **(3×2=6)**

(1) महंत और अपने भाई, हरिहर काका को एक जैसे क्यों लगने लगते हैं? 'हरिहर काका' कहानी के आधार पर स्पष्ट कीजिए।

(2) 'सपनों के से दिन' कहानी के आधार पर पी.टी. साहब के व्यक्तित्व की दो विशेषताएँ बताते हुए लिखिए कि स्काउट परेड करते समय लेखक स्वयं को महत्त्वपूर्ण आदमी, एक फ़ौजी जवान क्यों समझता था?

(3) घर वालों के मना करने पर भी टोपी का लगाव इफ़्फ़न के घर और उसकी दादी से क्यों था? दोनों के अनजान, अटूट रिश्ते के बारे में मानवीय मूल्यों की दृष्टि से अपने विचार लिखिए।

**14. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर संकेत-बिंदुओं के आधार पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए—** **(5×1=5)**

**(1)** **प्रदूषण-एक सतत चुनौती**

**संकेत-बिन्दु**—● प्रदूषण की बढ़ती समस्या ● कारण ● निवारण

**(2)** **कैसे बदलेगी फुटपाथ की दुनिया**

**संकेत-बिन्दु**—● फुटपाथ क्या है? ● फुटपाथ की समस्या ● हमारी भूमिका

**(3)** **परोपकार का महत्त्व**

**संकेत-बिन्दु**—● परोपकार का अर्थ ● परोपकार से लाभ ● परोपकारी व्यक्तियों के उदाहरण ● उपसंहार।

**15. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में पत्र लिखिए—** **(5×1=5)**

**(1)** चौराहों पर भीख माँगते बच्चों को देखकर आपको कैसा लगता है? इस समस्या के समाधान के लिए अपने विचार एक पत्र द्वारा किसी समाचार पत्र के संपादक को लिखिए।

**अथवा**

**(2)** अपने सेवा निवृत्त पूर्व अध्यापक को उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए धन्यवाद ज्ञापन पत्र लिखिए।

**16. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 80 शब्दों में सूचना तैयार कीजिए—** **(4×1=4)**

**(1)** आप अपने विद्यालय में साहित्य-क्लब 'शब्द-शिल्पी' के सचिव हैं। शनिवार को आगामी साहित्यिक गतिविधियों पर चर्चा हेतु बैठक बुलाई गई है, जिसकी सूचना 80 शब्दों में तैयार कीजिए।

**अथवा**

**(2)** आगामी शनिवार को तीसरे कालांश में विद्यालय के 'ऑडीटोरियम' में कठपुतली का तमाशा दिखाया जाएगा। कक्षा 9 के सभी विद्यार्थी अपने कक्षाध्यापकों के साथ वहाँ कतारों में आएँ। तत्संबंधी सूचना 80 शब्दों में मुख्याध्यापिका की ओर से लिखिए।

**17. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 60 शब्दों में विज्ञापन तैयार कीजिए—** **(3×1=3)**

**(1)** आप एक अच्छे चित्रकार हैं। अपने चित्रों की प्रदर्शनी के लिए लगभग 60 शब्दों में एक विज्ञापन तैयार कीजिए।

**अथवा**

**(2)** अपने पुराने मकान का विवरण देते हुए उसकी बिक्री के लिए लगभग 60 शब्दों में एक विज्ञापन लिखिए।

**18. निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में लघुकथा/ई-मेल लिखिए—** **(5×1=5)**

**(1)** **दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर लघु कथा लिखिए— (100 शब्दों में)**

**संकेत**—नदी में अपने शिष्यों के साथ स्नान करता एक साधु ........... बहते बिच्छू को दया करके उठाना ........... बिच्छू का साधु को काटना ........... साधु का पुनः उठाना ........... शिष्य का घटना को देखना ........... साधु से बिच्छू को न निकालने को कहना ........... साधु का उत्तर-जब बिच्छू अपना स्वभाव नहीं छोड़ता तो मैं क्यों छोड़ूँ?

**अथवा**

**(2)** अपने पुराने विद्यालय में स्थानांतरण प्रमाण-पत्र प्राप्त करने के लिए विद्यालय के प्रधानाचार्य जी को ई-मेल कीजिए।

●●

